भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †1378
सोमवार, 28 जुलाई, 2025/6 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**आंध्र प्रदेश में पर्यटन विकास**

**†1378. श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी:**
**श्री जी. एम. हरीश बालयोगी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पर्यटन विकास के लिए आंध्र प्रदेश के प्रकाशम और कोणसीमा जिलों में विशिष्ट स्थलों की पहचान की है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त प्रत्येक स्थान पर किस प्रकार के पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है;

(ग) क्या उक्त जिलों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई विकास या बुनियादी ढांचा परियोजनाएँ स्वीकृत या कार्यान्वयनाधीन हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) पिछले पाँच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इन परियोजनाओं के लिए आवंटित और जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार उक्त जिलों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निजी हितधारकों के साथ सहयोग कर रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(च) उक्त जिलों में अंतिम छोर तक संपर्क में सुधार और होमस्टे/स्थानीय आजीविका को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है;

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (च): पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है; बशर्ते कि निधियां उपलब्धता हों, योजना के दिशानिर्देशों का पालन हो, राज्य सरकार द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत की जाए आदि।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' की अपनी पहल के तहत राज्यों को पर्यटन परियोजनाओं के विकास के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की है। इन योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं में अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी सहित पर्यटन सुविधाओं और साधनों के संवर्धन से संबंधित कई घटक शामिल हैं।

आंध्र प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन, एसडी 2.0, प्रशाद, सीबीडीडी और एसएएससीआई योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं और आवंटित एवं जारी की गई निधियों का विवरण **अनुबंध** में संलग्न है।

जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, पर्यटन मंत्रालय ने हाल ही में 'जनजातीय क्षेत्रों में होमस्टे के विकास' के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं, साथ ही राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा प्रस्ताव तैयार करने हेतु एक खाका भी जारी किया है। उद्योग जगत की निजी कंपनियों ने विभिन्न ऑनलाइन पोर्टल या ओटीए शुरू किए हैं, जो होमस्टे की बुकिंग सहित बुकिंग की सुविधा भी प्रदान करते हैं।

*******

**अनुबंध**

श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी और श्री जी. एम. हरीश बालयोगी द्वारा आंध्र प्रदेश में पर्यटन विकास के संबंध में दिनांक 28.07.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †1378 के भाग (क) से (च) के उत्तर में **विवरण**

**आंध्र प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परिपथ/ स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत** | **जारी/ प्राधिकृत की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तटीय परिपथ 2014-15 | काकीनाडा - होप द्वीप - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पसरलापुडी - अदुरू - एस यानम - कोटिपल्ली का विकास | 67.83 | 67.83 |
| 2. | तटीय परिपथ 2015-16 | नेल्लोर - पुलिकट झील - उब्बलामाडुगु झरने - नेलापट्टू - कोथाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास | 49.55 | 49.55 |
| 3. | बौद्ध परिपथ 2017-18 | बौद्ध परिपथ: शालिहुंडम-बाविकोंडा-बोज्जनकोंडा-अमरावती-अनूपु का विकास | 35.24 | 30.02 |

**आंध्र प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **स्वीकृति वर्ष** | **गंतव्य** | **अनुभव का नाम** | **स्वीकृत लागत** | **प्राधिकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | बापतला | सूर्यलंका बीच एक्सपीरियंस का विकास | 97.52 | 9.75 |
| 2. | 2023-24 | अराकू-लम्बासिंगी | अराकू में बोर्रा गुफा अनुभव | 29.87 | 2.99 |

**आंध्र प्रदेश राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत** | **प्राधिकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | अहोबिलम - एक आध्यात्मिक यात्रा | 25.00 | 2.50 |
| 2. | 2024-25 | नागार्जुन सागर में बौद्ध विरासत और सांस्कृतिक अनुभवों का संवर्धन | 25.00 | 2.50 |

**आंध्र प्रदेश राज्य में पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत** | **प्राधिकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | गांडीकोटा में किले और गॉर्ज अनुभव को समृद्ध करना | 77.91 | 113.75 |
| 2. | 2024-25 | राजमहेंद्रवरम में अखंड गोदावरी-(हैवलॉक ब्रिज और पुष्करघाट) | 94.44 | |

**आंध्र प्रदेश राज्य में प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत लागत** | **जारी की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गुंटूर जिले के अमरावती शहर का पर्यटन स्थल के रूप में विकास | 2015-16 | 27.77 | 27.77 |
| 2 | श्रीशैलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 43.08 | 43.08 |
| 3 | विशाखापत्तनम मंदिर में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारीदेवस्थानम | 2022-23 | 54.04 | 27.37 |
| 4 | अन्नवरम मंदिर शहर में तीर्थस्थल पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2024-25 | 25.33 | 0.00 |

*****